***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO***

**T.B.C. : B-EFUA-O-JNQ** **Test Booklet Series**

**Serial**

**A**

# TEST BOOKLET

# GENERAL KNOWLEDGE

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 100***

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**

    **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.**

    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO***

**ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।**

***Directions :*** *The following* ***04 (Four)*** *items consist of two statements, Statement I and Statement II. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the code given below :*

**Code :**

(a) Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I.

(b) Both the statements are individually true, but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I.

(c) Statement I is true, but Statement II is false.

(d) Statement I is false, but statement II is true.

**1.** *Statement I :*

India's offshore and deep sea fish catch is very poor considering the marine potential.

*Statement II :*

Indian coast does not have many gulfs, bays, estuaries and backwaters.

**2.** *Statement I :*

Tides are the rise and fall of sea levels caused by the combined effects of the gravitational forces exerted by the Moon and the Sun, and the rotation of the Earth.

*Statement II :*

Earth rotates from the West towards the East once in 24 hours with respect to the Sun.

**3.** *Statement I :*

Sideral day is shorter than Solar day.

*Statement II :*

The motion of the Earth in its orbit around the Sun is termed as revolution.

**4.** *Statement I :*

When a gun is fired it recoils, i.e., it pushes back, with much less velocity than the velocity of the bullet.

*Statement II :*

Velocity of the recoiling gun is less because the gun is much heavier than the bullet.

**5.** In an observation, $\alpha$-particles, $\beta$-particles and $\gamma$-rays have same energies. Their penetrating power in a given medium in increasing order will be

(a) $\alpha, \beta, \gamma$

(b) $\beta, \gamma, \alpha$

(c) $\alpha, \gamma, \beta$

(d) $\beta, \alpha, \gamma$

**6.** The Earth without rotational movement would result into

1. no sun-rise and sun-set.
2. no occurrence of day and night cycle.
3. only one season.

Select the correct answer using the code given below

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

*निर्देश : निम्नलिखित **04 (चार)** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II । आपको इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करना है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नांशों का उत्तर चुनना है ।*

**कूट :**

(a) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है ।

(b) दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है ।

(c) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है ।

(d) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है ।

1. *कथन I :*

भारत में, समुद्री शक्यता (पोटेंशियल) को देखते हुए अपतट और गहरे सागर में बहुत कम मछली पकड़ी जाती है ।

*कथन II :*

भारतीय तट में अनेक खाड़ियाँ, उपसागर, ज्वारनदमुख (एस्चुएरी) और पश्चजल नहीं हैं ।

2. *कथन I :*

ज्वार-भाटा, चंद्रमा और सूर्य के द्वारा लगने वाले गुरुत्वीय बल तथा पृथ्वी के घूर्णन के सम्मिलित प्रभावों के कारण समुद्री स्तरों में होने वाले उतार-चढ़ाव हैं ।

*कथन II :*

पृथ्वी, सूर्य के सापेक्ष 24 घंटे में एक बार पश्चिम से पूर्व की ओर घूर्णन करती है ।

3. *कथन I :*

नाक्षत्र दिन, सौर दिन की अपेक्षा छोटा होता है ।

*कथन II :*

पृथ्वी की सूर्य के परितः अपनी कक्षा में गति को परिक्रमण कहते हैं ।

4. *कथन I :*

जब कोई बन्दूक दागी जाती है, तो यह प्रतिक्षिप्त होती है, अर्थात् यह गोली के वेग की तुलना में काफी कम वेग से पीछे धक्का देती है ।

*कथन II :*

प्रतिक्षिप्त होती बन्दूक का वेग कम होता है, क्योंकि बन्दूक, गोली की तुलना में अधिक भारी होती है ।

5. किसी प्रेक्षण में $\alpha$-कण, $\beta$-कण और $\gamma$-किरणों की ऊर्जाएँ समान हैं । किसी दिए गए माध्यम में इनकी वेधन क्षमताएँ बढ़ते हुए अनुक्रम में क्या होंगी ?

(a) $\alpha, \beta, \gamma$

(b) $\beta, \gamma, \alpha$

(c) $\alpha, \gamma, \beta$

(d) $\beta, \alpha, \gamma$

6. यदि पृथ्वी की घूर्णन गति न हो, तो इसका परिणाम यह होगा कि

1. सूर्योदय और सूर्यास्त नहीं होगा ।
2. दिन और रात्रि चक्र नहीं होगा ।
3. केवल एक ऋतु होगी ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

7. When hard water is evaporated completely, the white solid remains in the container. It may be due to the presence of

1. Carbonates of Ca and Mg
2. Sulphates of Ca and Mg
3. Chlorides of Ca and Mg

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 3 only
(d) 1 and 3 only

8. Which one among the following statements is correct ?

(a) Prokaryotic cells possess nucleus.
(b) Cell membrane is present both in plant and animal cells.
(c) Mitochondria and chloroplasts are not found in eukaryotic cells.
(d) Ribosomes are present in eukaryotic cells only.

9. A person standing 1 m in front of a plane mirror approaches the mirror by 40 cm. The new distance between the person and his image in the plane mirror is


(a) 60 cm
(b) 1·2 m
(c) 1·4 m
(d) 2·0 m

10. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

*List I*
*(Ocean current)*

A. Guinea current
B. Oyashio current
C. Canaries current
D. Kuroshio current

*List II*
*(Location in Map)*




**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

11. Which one among the following compounds has same equivalent weight and molecular weight ?

(a) $H_2SO_4$
(b) $CaCl_2$
(c) $Na_2SO_4$
(d) $NaCl$

12. Which one among the following statements is ***not*** true for Mammals ?

(a) They possess hair on the body.
(b) Some of them lay eggs.
(c) Their heart is three chambered.
(d) Some are aquatic.

7. जब कठोर जल पूर्णतः वाष्पीकृत हो जाता है, तो पात्र में सफ़ेद ठोस बचा रह जाता है । यह निम्नलिखित में से किनकी उपस्थिति के कारण होता है ?

1. Ca और Mg के कार्बोनेट
2. Ca और Mg के सल्फेट
3. Ca और Mg के क्लोराइड

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 3

(d) केवल 1 और 3

8. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है ?

(a) प्रोकैरियोटिक कोशिकाओं में नाभिक होता है ।

(b) वनस्पति और जंतु दोनों ही कोशिकाओं में कोशिका-कला होती है ।

(c) यूकैरियोटिक कोशिका में माइटोकॉन्ड्रिया और क्लोरोप्लास्ट नहीं पाए जाते ।

(d) राइबोसोम केवल यूकैरियोटिक कोशिकाओं में उपस्थित होते हैं ।

9. किसी समतल दर्पण के सामने 1 m दूरी पर खड़ा व्यक्ति दर्पण की ओर 40 cm बढ़ता है । समतल दर्पण में व्यक्ति और उसके प्रतिबिम्ब के बीच में नई दूरी कितनी है ?

(a) 60 cm

(b) 1·2 m

(c) 1·4 m

(d) 2·0 m

10. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

*सूची I*

*(महासागर धारा)*

A. गिनि-धारा

B. ओयेशियो-धारा

C. केनरीज़-धारा

D. कुरोशियो-धारा

*सूची II*

*(मानचित्र में अवस्थिति)*




**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

11. निम्नलिखित में से कौन-से एक यौगिक के तुल्यांकी भार और आण्विक भार समान हैं ?

(a) $H_2SO_4$

(b) $CaCl_2$

(c) $Na_2SO_4$

(d) NaCl

12. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक, स्तनधारियों के लिए सत्य ***नहीं*** है ?

(a) उनके शरीर पर बाल होते हैं ।

(b) उनमें से कुछ अण्डे देते हैं ।

(c) उनके हृदय में तीन कोष्ठ होते हैं ।

(d) कुछ जलीय होते हैं ।

13. Arrange the following layers of atmosphere vertically from the surface of the Earth :

1. Mesosphere
2. Troposphere
3. Stratosphere
4. Thermosphere

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1-2-3-4

(b) 2-1-3-4

(c) 2-3-1-4

(d) 3-4-2-1

14. A metallic plate sticks firmly on the mouth of a water vessel made from another metal. By way of heating, one can detach the plate from the vessel. This is because heat expands

(a) the vessel only

(b) both the vessel and the plate equally

(c) the vessel more than the plate

(d) the vessel and contracts the plate

15. Electricity is produced through dry cell from

(a) chemical energy

(b) thermal energy

(c) mechanical energy

(d) nuclear energy

16. In human digestive system, the process of digestion starts in


(a) Oesophagus

(b) Buccal cavity

(c) Duodenum

(d) Stomach

17. Consider the contour plot given below :




Contour in Metres

The above contours of an area indicate several relief features. Which one among the following relief features is ***not*** depicted here ?

(a) Steep slope

(b) River valley

(c) Conical hill

(d) Gentle slope

18. Which one among the following fuels is used in gas welding ?

(a) LPG

(b) Ethylene

(c) Methane

(d) Acetylene

13. वायुमंडल की निम्नलिखित परतों को पृथ्वी की सतह से ऊर्ध्वाधर व्यवस्थित कीजिए :

1. मध्यमंडल
2. क्षोभमंडल
3. समतापमंडल
4. बाह्य वायुमंडल

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1-2-3-4

(b) 2-1-3-4

(c) 2-3-1-4

(d) 3-4-2-1

14. धातु की एक प्लेट, अन्य धातु से बने जल पात्र के मुख पर दृढ़ता से लगी है । तापन के द्वारा, कोई इस प्लेट को पात्र से अलग कर सकता है । इसका कारण ऊष्मा द्वारा

(a) केवल पात्र का प्रसार होना है

(b) पात्र और प्लेट दोनों का समान रूप में प्रसार होना है

(c) पात्र का प्रसार प्लेट के प्रसार से अधिक होना है

(d) पात्र का प्रसार और प्लेट का संकुचित होना है

15. किसी शुष्क सेल में विद्युत् का उत्पादन

(a) रासायनिक ऊर्जा से होता है

(b) ऊष्मीय ऊर्जा से होता है

(c) यांत्रिक ऊर्जा से होता है

(d) नाभिकीय ऊर्जा से होता है

16. मानव के पाचन तंत्र में पाचन की प्रक्रिया कहाँ से प्रारम्भ होती है ?


(a) ग्रसिका

(b) मुख गुहिका

(c) ग्रहणी

(d) आमाशय

17. नीचे दिए गए परिरेखी चित्र पर विचार कीजिए :




परिरेखा मीटरों में

किसी क्षेत्र के लिए ऊपर दी गई समोच्च रेखाएँ अनेक उच्चावच लक्षण दिखाती हैं । निम्नलिखित में से कौन-सा एक उच्चावच लक्षण यहाँ पर चित्रित ***नहीं*** है ?

(a) खड़ी ढाल

(b) नदी-घाटी

(c) शंक्वाकार पहाड़ी

(d) मंद ढाल

18. निम्नलिखित ईंधनों में से कौन-सा एक, गैस-वेल्डन के प्रयोग में आता है ?

(a) LPG

(b) एथिलीन

(c) मेथैन

(d) ऐसीटिलीन

**19.** In respect of the difference of the gravitational force from electric and magnetic forces, which one of the following statements is true ?

(a) Gravitational force is stronger than the other two.

(b) Gravitational force is attractive only, whereas the electric and the magnetic forces are attractive as well as repulsive.

(c) Gravitational force has a very short range.

(d) Gravitational force is a long range force, while the other two are short range forces.

**20.** Which one among the following is a micronutrient present in soil for various crops ?

(a) Calcium

(b) Manganese

(c) Magnesium

(d) Potassium

**21.** Arrange the following tributaries of river Indus from North to South :

1. Chenab
2. Jhelum
3. Ravi
4. Sutlej

Select the correct answer using the code given below :

(a) 4-3-1-2

(b) 2-3-1-4

(c) 1-2-3-4

(d) 2-1-3-4

**22.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List I (Industry )* | *List II (Location)* |
|---|---|
| A. Railway equipment | 1. Kochi |
| B. Automobile | 2. Ludhiana |
| C. Ship-building | 3. Bhilai |
| D. Bicycle | 4. Jabalpur |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**23.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List I (Air Pollutant)* | *List II (Effect)* |
|---|---|
| A. Chlorofluorocarbon | 1. Acid rain |
| B. Sulphur dioxide | 2. Depletion in ozone layer in the atmosphere |
| C. Lead compound | 3. Harmful for human nervous system |
| D. Carbon dioxide | 4. Topmost contribution to greenhouse effect |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**19.** गुरुत्वीय बल की वैद्युत और चुम्बकीय बलों से भिन्नता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सत्य है ?

(a) गुरुत्वीय बल अन्य दोनों की अपेक्षा प्रबल होता है ।

(b) गुरुत्वीय बल केवल आकर्षी होता है, जबकि वैद्युत तथा चुम्बकीय बल आकर्षी और प्रतिकर्षी होते हैं ।

(c) गुरुत्वीय बल का परास बहुत कम होता है ।

(d) गुरुत्वीय बल एक दीर्घ-परासी बल है, जबकि अन्य दोनों लघु-परासी बल हैं ।

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, विभिन्न फसलों के लिए मृदा में विद्यमान एक सूक्ष्मपोषक है ?

(a) कैल्सियम

(b) मैंगनीज

(c) मैग्नीशियम

(d) पोटैशियम

**21.** सिंधु नदी की निम्नलिखित सहायक नदियों को उत्तर से दक्षिण की ओर व्यवस्थित कीजिए :

1. चिनाब
2. झेलम
3. रावी
4. सतलज

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 4-3-1-2

(b) 2-3-1-4

(c) 1-2-3-4

(d) 2-1-3-4

**22.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (उद्योग)* | | *सूची II (अवस्थिति)* | |
|---|---|---|---|
| A. | रेलवे उपस्कर | 1. | कोच्चि |
| B. | मोटरवाहन (ऑटोमोबील) | 2. | लुधियाना |
| C. | पोत-निर्माण | 3. | भिलाई |
| D. | साइकिल | 4. | जबलपुर |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**23.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (वायु-प्रदूषक)* | | *सूची II (प्रभाव)* | |
|---|---|---|---|
| A. | क्लोरोफ्लुओरोकार्बन | 1. | अम्लीय वर्षा |
| B. | सल्फर डाइऑक्साइड | 2. | वायुमंडल में ओज़ोन की परत में ह्रास |
| C. | सीसा का यौगिक | 3. | मानव तंत्रिका तंत्र के लिए नुकसानदेह |
| D. | कार्बन डाइऑक्साइड | 4. | ग्रीनहाउस प्रभाव में सर्वाधिक योगदान |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**24.** Creation of something from nothing is against the law of

(a) constant proportions

(b) conservation of mass-energy

(c) multiple proportions

(d) conservation of momentum

**25.** Which one of the following diseases in humans can spread through air ?

(a) Dengue

(b) Tuberculosis

(c) HIV-AIDS

(d) Goitre

**26.** Seismic gaps are

(a) parts of plate boundaries in oceans where tsunamis occur frequently.

(b) sections of plate boundaries that have ruptured repeatedly in the recent past.

(c) sections of plate boundaries that have not ruptured in the recent past.

(d) plate boundaries having no volcanic activity.

**27.** In the absence of Cold Labrador Current, which one among the following would happen ?

(a) There will be no North-East Atlantic fishing grounds

(b) There will be no North-West Atlantic fishing grounds

(c) There will be no fishing ground in the North Atlantic Ocean

(d) Semi-arid condition of the Atlantic coast of the USA and Canada would prevail

**28.** An electron and a proton are circulating with same speed in circular paths of equal radius. Which one among the following will happen, if the mass of a proton is about 2,000 times that of an electron ?

(a) The centripetal force required by the electron is about 2,000 times more than that required by the proton

(b) The centripetal force required by the proton is about 2,000 times more than that required by the electron

(c) No centripetal force is required for any charged particle

(d) Equal centripetal force acts on both the particles as they rotate in the same circular path

**29.** Which one among the following metals is prominently used in mobile phone batteries ?

(a) Copper

(b) Zinc

(c) Nickel

(d) Lithium

**30.** Which one of the following is the most appropriate and correct practice from the point of view of a healthy environment ?

(a) Burning of plastic wastes to keep the environment clean

(b) Burning of dry and fallen leaves in a garden or field

(c) Treatment of domestic sewage before its release

(d) Use of chemical fertilizers in agricultural fields

24. कुछ नहीं में से कुछ का सर्जन किस नियम के विरुद्ध है ?

(a) नियत अनुपात

(b) द्रव्यमान-ऊर्जा का संरक्षण

(c) गुणित अनुपात

(d) संवेग-संरक्षण

25. मानवों में निम्नलिखित में से कौन-सा एक रोग, वायु द्वारा फैल सकता है ?

(a) डेंगू

(b) यक्ष्मा (ट्यूबरकुलोसिस)

(c) HIV-AIDS

(d) घेंघा (गॉइटर)

26. भूकंपी विदर क्या हैं ?

(a) महासागरों में प्लेट सीमाओं के वे भाग जिनमें बहुधा सुनामी घटित होती हैं

(b) प्लेट सीमाओं के वे अनुभाग जो निकट अतीत में बारम्बार संविदारित (रप्चर) हुए हैं

(c) प्लेट सीमाओं के वे अनुभाग जो निकट अतीत में संविदारित नहीं हुए हैं

(d) वे प्लेट सीमाएँ जिनमें कोई ज्वालामुखीय सक्रियता नहीं है

27. शीत लैब्राडोर धारा की अनुपस्थिति में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक घटित होगा ?

(a) कोई उत्तर-पूर्व अटलांटिक मत्स्यन क्षेत्र नहीं होंगे

(b) कोई उत्तर-पश्चिम अटलांटिक मत्स्यन क्षेत्र नहीं होंगे

(c) उत्तर अटलांटिक महासागर में कोई मत्स्यन क्षेत्र नहीं होगा

(d) USA और कनाडा के अटलांटिक तट की अर्धशुष्क अवस्था अभिभावी होगी

28. एक इलेक्ट्रॉन और एक प्रोटॉन समान त्रिज्या के वृत्तीय मार्गों पर समान चाल से परिसंचार कर रहे हैं । यदि प्रोटॉन का द्रव्यमान इलेक्ट्रॉन के द्रव्यमान की तुलना में लगभग 2,000 गुना हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक घटित होगा ?

(a) इलेक्ट्रॉन के लिए आवश्यक अभिकेन्द्री बल, प्रोटॉन के लिए आवश्यक अभिकेन्द्री बल की तुलना में लगभग 2,000 गुना अधिक होगा

(b) प्रोटॉन के लिए आवश्यक अभिकेन्द्री बल, इलेक्ट्रॉन के लिए आवश्यक अभिकेन्द्री बल की तुलना में लगभग 2,000 गुना अधिक होगा

(c) किसी आवेशित कण के लिए कोई अभिकेन्द्री बल आवश्यक नहीं है

(d) दोनों कणों पर समान अभिकेन्द्री बल कार्यरत होंगे क्योंकि वे समान वृत्तीय मार्ग पर घूर्णन कर रहे हैं

29. मोबाइल फोन बैटरियों में निम्नलिखित में से कौन-सी एक धातु मुख्यतः उपयोग में लाई जाती है ?

(a) ताम्र (कॉपर)

(b) जस्त (ज़िंक)

(c) निकैल

(d) लीथियम

30. स्वस्थ पर्यावरण की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सी एक सर्वाधिक उपयुक्त और उचित पद्धति है ?

(a) पर्यावरण को साफ रखने के लिए प्लास्टिक अपशिष्टों का दहन

(b) सूखी और गिरी हुई पत्तियों का किसी उद्यान या खुले स्थान पर दहन

(c) घरेलू वाहित मल (सीवेज) को निर्मुक्त करने से पहले उपचार

(d) कृषि क्षेत्रों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग

**31.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List I* *(Type of Grass)* | *List II* *(Country)* |
|---|---|
| A. Llanos | 1. Australia |
| B. Prairies | 2. Venezuela |
| C. Pampas | 3. USA |
| D. Downs | 4. Argentina |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**32.** Who among the following proposed that atom is indivisible ?

(a) Dalton

(b) Berzelius

(c) Rutherford

(d) Avogadro

**33.** Tank irrigation is commonly found in South-Central parts of India. What could be the reason ?

1. Insufficient shallow ground water
2. Rocky plateau with impervious surface depression
3. Undulating terrain helps in accumulation of rain water in depression or man-made tank

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**34.** Which of the following is/are the reason(s) behind Gujarat being the leading producer of Salt in India ?

1. The long length of coastline
2. Long duration of hot and dry conditions
3. Presence of gulf areas

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 and 3 only

**35.** An object is raised to a height of 3 m from the ground. It is then allowed to fall on to a table 1 m high from ground level. In this context, which one among the following statements is correct ?

(a) Its potential energy decreases by two-thirds its original value of total energy.

(b) Its potential energy decreases by one-third its original value of total energy.

(c) Its kinetic energy increases by two-thirds, while potential energy increases by one-third.

(d) Its kinetic energy increases by one-third, while potential energy decreases by one-third.

**36.** Ozone layer of the Earth's atmosphere is important for living organisms because it

(a) prevents entry of ultra-violet rays

(b) prevents entry of X-rays

(c) maintains level of oxygen on Earth

(d) prevents acid rain on Earth

31. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I* *(घास का प्रकार)* | | *सूची II* *(देश)* | |
|---|---|---|---|
| A. | लानोज़ | 1. | आस्ट्रेलिया |
| B. | प्रेअरीज़ | 2. | वेनेज़्युएला |
| C. | पैम्पस | 3. | USA |
| D. | डाउन्स | 4. | अर्जेन्टीना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

32. परमाणु अभाज्य है, यह निम्नलिखित में से किसने प्रस्तावित किया था ?

(a) डाल्टन

(b) बरज़ीलियस

(c) रदरफ़ोर्ड

(d) आवोगाद्रो

33. भारत के दक्षिण-मध्य भागों में सामान्यतः तालाब-सिंचाई प्रचलित है । इसका क्या कारण हो सकता है ?

1. अपर्याप्त अगभीर भौम जल
2. अप्रवेश्य पृष्ठ अवनमन के साथ चट्टानी पठार
3. तरंगित भू-भाग, गर्त अथवा मानव-निर्मित तालाबों में वर्षा-जल के संचयन में सहायक होता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

34. भारत में गुजरात के अग्रणी नमक उत्पादक होने का/के निम्नलिखित में से कौन सा/से कारण है /हैं ?

1. तट-रेखा की दीर्घ लंबाई
2. गर्म तथा शुष्क स्थितियों की दीर्घ अवधि
3. खाड़ी क्षेत्रों की उपस्थिति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

35. किसी पिण्ड को धरातल से 3 m की ऊँचाई तक उठाया जाता है । इसे तब एक मेज़ पर गिराया जाता है जो भूमि तल से 1 m ऊँची है । इस प्रसंग में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है ?

(a) इसकी स्थितिज ऊर्जा, कुल ऊर्जा के इसके प्रारम्भिक मान की दो-तिहाई कम हो जाती है ।

(b) इसकी स्थितिज ऊर्जा, कुल ऊर्जा के इसके प्रारम्भिक मान की एक-तिहाई कम हो जाती है ।

(c) इसकी गतिज ऊर्जा दो-तिहाई बढ़ जाती है, जबकि स्थितिज ऊर्जा एक-तिहाई बढ़ जाती है ।

(d) इसकी गतिज ऊर्जा एक-तिहाई बढ़ जाती है, जबकि स्थितिज ऊर्जा एक-तिहाई घट जाती है ।

36. जीवित जीवों के लिए पृथ्वी के वायुमंडल में ओज़ोन की परत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह

(a) पराबैंगनी किरणों के प्रवेश को रोकती है

(b) X-किरणों के प्रवेश को रोकती है

(c) पृथ्वी पर ऑक्सीजन के स्तर को बनाए रखती है

(d) पृथ्वी पर अम्लीय वर्षा को रोकती है

**37.** If 82° 30′ east longitude (Allahabad) shows 6 : 00 am of Sunday (local time), what would be the local time of Florida (USA) located on 82° west longitude ?

(a) 6 : 58 pm of Saturday

(b) 7 : 02 pm of Sunday

(c) 6 : 58 am of Sunday

(d) 7 : 02 am of Saturday

**38.** Consider the following statements with regard to cold waves in winter season in northern India :

1. There is lack of maritime influence.

2. Northern India is nearer to the Himalayan region.

3. Air mass comes from polar regions to northern India.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 and 3

(c) 1 and 3

(d) 1 and 2

**39.** Which one among the following processes is ***not*** part of a chemical weathering ?

(a) Hydration

(b) Exfoliation

(c) Oxidation

(d) Solution

**40.** Two pieces of conductor of same material and of equal length are connected in series with a cell. One of the two pieces has cross-sectional area double that of the other. Which one of the following statements is correct in this regard ?

(a) The thicker one will allow stronger current to pass through it.

(b) The thinner one would allow stronger current to pass through it.

(c) Same amount of electric current would pass through both the pieces producing more heat in the thicker one.

(d) Same amount of electric current would pass through both the pieces producing more heat in the thinner one.

**41.** How many elements are there in the $5^{th}$ period of modern periodic table ?

(a) 2

(b) 8

(c) 18

(d) 36

**42.** Which one of the following statements regarding water cycle is correct ?

(a) Transpiration by plants does not contribute to cloud formation.

(b) Only evaporation of surface water of rivers and oceans is responsible for cloud formation.

(c) Rainfall does not contribute in maintenance of underground water table.

(d) Underground water may also be connected to surface water.

**37.** यदि 82° 30′ पूर्व-देशान्तर (इलाहाबाद) में स्थानीय समय रविवार, 6 : 00 पूर्वाह्न हो, तो 82° पश्चिम-देशान्तर पर अवस्थित फ्लोरिडा (USA) में स्थानीय समय क्या होगा ?

(a) शनिवार, 6 : 58 अपराह्न

(b) रविवार, 7 : 02 अपराह्न

(c) रविवार, 6 : 58 पूर्वाह्न

(d) शनिवार, 7 : 02 पूर्वाह्न

**38.** उत्तरी भारत में शीत ऋतु की शीत लहरों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वहाँ समुद्रवर्ती प्रभाव की कमी होती है ।
2. उत्तरी भारत हिमालयी क्षेत्र के निकट है ।
3. वायु-संहति ध्रुवीय प्रदेशों से उत्तरी भारत में आती है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 2 और 3

(c) 1 और 3

(d) 1 और 2

**39.** निम्नलिखित प्रक्रमों में से कौन-सा एक, रासायनिक अपक्षयण का भाग ***नहीं*** है ?

(a) जलयोजन

(b) अपशल्कन

(c) उपचयन

(d) विलयन

**40.** समान पदार्थ के सुचालक के समान लंबाई के दो खण्ड किसी सेल के साथ श्रेणीक्रम में जुड़े हैं । दोनों खण्डों में से एक खण्ड के अनुप्रस्थ परिच्छेद का क्षेत्रफल दूसरे खण्ड के अनुप्रस्थ परिच्छेद के क्षेत्रफल का दुगुना है । इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है ?

(a) मोटे खण्ड से प्रबलतर धारा प्रवाहित हो सकेगी ।

(b) पतले खण्ड से प्रबलतर धारा प्रवाहित हो सकेगी ।

(c) दोनों खण्डों से समान परिमाण की विद्युत् धारा प्रवाहित होगी और मोटे खण्ड में अधिक ऊष्मा उत्पादित होगी ।

(d) दोनों खण्डों में समान परिमाण की विद्युत् धारा प्रवाहित होगी और पतले खण्ड में अधिक ऊष्मा उत्पादित होगी ।

**41.** आधुनिक आवर्त सारणी के 5वें आवर्त में कितने तत्त्व हैं ?

(a) 2

(b) 8

(c) 18

(d) 36

**42.** जल-चक्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है ?

(a) पादपों से वाष्पोत्सर्जन, मेघ-निर्माण में सहायक नहीं होता ।

(b) केवल नदियों तथा महासागरों के सतही (भू-पृष्ठ) जल का वाष्पन मेघ-निर्माण के लिए उत्तरदाई है ।

(c) भूमिगत जलस्तर को बनाए रखने में वर्षा सहायक नहीं होती है ।

(d) भूमिगत जल, भू-पृष्ठ जल से भी जुड़ा हो सकता है ।

43. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I (Ocean current) | | List II (Coast) |
|---|---|---|
| A. Humboldt | 1. | Namibia – Angola |
| B. North Atlantic Drift | 2. | Chile – Peru |
| C. Benguela | 3. | Mozambique – Madagascar |
| D. Agulhas | 4. | United Kingdom – Norway |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

44. The horizontal wind circulation near the Earth's surface is due to the

1. pressure gradient.
2. frictional force.
3. coriolis force.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

45. A wire-bound standard resistor uses manganin or constantan. It is because

(a) these alloys are cheap and easily available
(b) they have high resistivity
(c) they have low resistivity
(d) they have resistivity which almost remains unchanged with temperature

46. Which one among the following is used in making lead pencils ?

(a) Charcoal
(b) Graphite
(c) Coke
(d) Carbon black

47. Which one among the following structures or cells is ***not*** present in connective tissues ?

(a) Chondrocytes
(b) Axon
(c) Collagen fibre
(d) Lymphocytes

48. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List I (Sanctuary) | | List II (State) |
|---|---|---|
| A. Sharavati Valley | 1. | Gujarat |
| B. Satkosia Gorge | 2. | Goa |
| C. Pirotan Island | 3. | Odisha |
| D. Bhagwan Mahavir | 4. | Karnataka |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

49. Sodium metal should be stored in

(a) Alcohol
(b) Kerosene oil
(c) Water
(d) Hydrochloric acid

50. The word 'vaccination' has been derived from a Latin word which relates to

(a) Pig
(b) Horse
(c) Cow
(d) Dog

43. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (महासागरी धारा)* | *सूची II (तट)* |
|---|---|
| A. हमबोल्ट | 1. नामीबिया – अंगोला |
| B. उत्तरी अटलांटिक अपवाह | 2. चिली – पेरू |
| C. बेंगुएला | 3. मोज़ाम्बिक – मैडागास्कर |
| D. एगल्हास | 4. यूनाइटेड किंगडम – नॉर्वे |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

44. भू-पृष्ठ के निकट क्षैतिज पवन परिसंचरण का कारण क्या होता है ?

1. दाब प्रवणता
2. घर्षण बल
3. कॉरिऑलिस बल

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

45. किसी तार-परिबद्ध मानक प्रतिरोधक में मैंगनिन या कान्सटेन्टन का उपयोग होता है । इसका कारण क्या है ?

(a) ये मिश्रधातुएँ सस्ती और सुगमता से उपलब्ध हैं
(b) इनकी उच्च प्रतिरोधकता है
(c) इनकी अल्प प्रतिरोधकता है
(d) इनकी प्रतिरोधकता ताप के साथ लगभग अपरिवर्तित बनी रहती है

46. सीसा (लेड) पेन्सिलों के निर्माण में, निम्नलिखित में से किसका प्रयोग होता है ?

(a) चारकोल
(b) ग्रैफाइट
(c) कोक
(d) कार्बन कज्जल

47. संयोजी ऊतकों में निम्नलिखित संरचनाओं अथवा कोशिकाओं में से कौन-सा एक, उपस्थित ***नहीं*** होता है ?

(a) उपास्थ्यणु (कॉन्ड्रोसाइट)
(b) तंत्रिकाक्ष (ऐक्सॉन)
(c) कोलैजन फाइबर
(d) लिम्फोसाइट

48. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (अभयारण्य)* | *सूची II (राज्य)* |
|---|---|
| A. शरावती घाटी | 1. गुजरात |
| B. सतकोसिया महाखड्ड (गॉर्ज) | 2. गोवा |
| C. पिरोटन द्वीप | 3. ओडिशा |
| D. भगवान महावीर | 4. कर्नाटक |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

49. सोडियम धातु का संग्रहण किसमें करना चाहिए ?

(a) ऐल्कोहॉल
(b) मिट्टी का तेल (केरोसिन ऑयल)
(c) जल
(d) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

50. 'वैक्सिनेशन' शब्द की व्युत्पत्ति एक लैटिन शब्द से हुई है । वह शब्द किससे संबंधित है ?

(a) सूअर
(b) अश्व
(c) गाय
(d) कुत्ता

51. Which of the following characteristic(s) describes the nature of religion according to the Rig Veda ?

1. Rig Vedic religion can be described as naturalistic polytheism.
2. There are striking similarities between the Rig Vedic religion and the ideas in the Iranian Avesta.
3. Vedic sacrifices were conducted in the house of the priest who was called *yajaman*.
4. Vedic sacrifices were of two kinds — those conducted by the householder and those that required ritual specialists.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 3 only
(b) 1 and 2 only
(c) 1, 2, 3 and 4
(d) 1, 2 and 4 only

52. Which of the following statement(s) about caste movements in early 20th century Kerala is/are ***false*** ?

1. Kerala's first modern novel *Indulekha* attacked the social dominance of Nambudiri Brahmans in Kerala.
2. C.V. Raman Pillai's novel *Marthanda Varma* was written against the exploitation of peasants by Nair landlords.
3. Sree Narayana Guru was one of the founders of the Sree Narayana Dharma Paripalana Yogam that was engaged in the upliftment of the Ezhavas in Kerala.
4. Dr. Palpu, the first Ezhava graduate, was one of the founders of the Sree Narayana Dharma Paripalana Yogam that was engaged in the upliftment of the Ezhavas in Kerala.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3
(c) 2 only
(d) 2 and 4

53. In which of the following cases did the Supreme Court rule that Constitutional Amendments were also laws under Article 13 of the Constitution of India, which could be declared void for being inconsistent with Fundamental Rights ?

(a) Keshavanand Bharati Case
(b) Golaknath Case
(c) Minerva Mills Case
(d) Maneka Gandhi Case

54. Which of the following statement(s) is/are ***not*** correct for the Ninth Schedule of the Constitution of India ?

1. It was inserted by the first amendment in 1951.
2. It includes those laws which are beyond the purview of judicial review.
3. It was inserted by the 42nd Amendment.
4. The laws in the Ninth Schedule are primarily those which pertain to the matters of national security.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 2 and 3
(c) 3 and 4
(d) 3 only

55. Which one among the following was the theme of the International Day of the Preservation of the Ozone Layer-2014 ?

(a) Ozone Day – A healthy atmosphere, the future we want
(b) Protecting our atmosphere for generations to come
(c) HCFC phase out : a unique opportunity
(d) Ozone Layer Protection : The Mission Goes On

51. निम्नलिखित में से कौन-सा/से लक्षण ऋग्वेद के अनुसार धर्म के स्वरूप को वर्णित करता/करते है/हैं ?

1. ऋग्वेद के धर्म को प्रकृतिवादी बहुदेववाद कहा जा सकता है ।
2. ऋग्वेद के धर्म और ईरानी अवेस्ता के विचारों में आश्चर्यजनक समानताएँ हैं ।
3. वैदिक यज्ञ, पुरोहित के, जिसे *यजमान* कहा जाता था, घर में किए जाते थे ।
4. वैदिक यज्ञ दो प्रकार के थे – वे जो गृहस्थ द्वारा किए जाते थे और वे जिनके लिए कर्मकांड के विशेषज्ञों की आवश्यकता होती थी ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 3
(b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 2 और 4

52. 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में केरल में जाति आंदोलनों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन *असत्य* है/हैं ?

1. केरल के प्रथम आधुनिक उपन्यास *इंदुलेखा* में केरल में नंबूदिरी ब्राह्मणों की सामाजिक प्रधानता पर प्रहार किया गया था ।
2. सी.वी. रमण पिल्लै का उपन्यास *मार्तंड वर्मा*, नायर भूस्वामियों द्वारा कृषकों के शोषण के विरुद्ध लिखा गया था ।
3. श्री नारायण गुरु, श्री नारायण धर्म परिपालना योगम के, जो केरल में इड़वाओं के उद्धार में लगी थी, संस्थापकों में से एक थे ।
4. प्रथम इड़वा स्नातक डॉ. पल्पू, श्री नारायण धर्म परिपालना योगम के, जो केरल में इड़वाओं के उद्धार में लगी थी, संस्थापकों में से एक थे ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1 और 3
(c) केवल 2
(d) 2 और 4

53. निम्नलिखित में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने यह व्यवस्था दी कि संवैधानिक संशोधन भी भारत के संविधान के अनुच्छेद 13 के अधीन विधि हैं, जिन्हें मूल अधिकारों से असंगत होने पर शून्य घोषित किया जा सकता है ?

(a) केशवानंद भारती वाद
(b) गोलकनाथ वाद
(c) मिनर्वा मिल्स वाद
(d) मेनका गांधी वाद

54. भारत के संविधान की नवीं अनुसूची के संबंध में निम्नलिखित कथन/कथनों में से कौन-सा/से सही ***नहीं*** है /हैं ?

1. वह 1951 में प्रथम संशोधन से अंतःस्थापित की गई ।
2. इसमें वे विधियाँ सम्मिलित हैं जो न्यायिक पुनर्विलोकन के कार्यक्षेत्र के बाहर हैं ।
3. वह 42वें संशोधन द्वारा अंतःस्थापित की गई ।
4. नवीं अनुसूची में प्राथमिक रूप से वे विधियाँ हैं जो राष्ट्रीय सुरक्षा के विषयों से संबंधित हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 3 और 4
(d) केवल 3

55. निम्नलिखित में से कौन-सा, ओज़ोन परत के परिरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस-2014 का कथ्य सूचक (थीम) था ?

(a) ओज़ोन दिवस – स्वस्थ वातावरण, भविष्य जो हम चाहते हैं
(b) आने वाली पीढ़ियों के लिए वातावरण का संरक्षण
(c) HCFC की क्रमिक समाप्ति : एक अनुपम अवसर
(d) ओज़ोन परत संरक्षण : मिशन जारी है

**56.** Which one of the following categories of persons is ***not*** treated at par so far as the availability of Fundamental Rights is concerned ?

(a) Members of the armed forces

(b) Members of the forces charged with the responsibility of maintenance of public order

(c) Members of the forces employed in connection with the communication systems set up in the country

(d) Members of the forces employed in connection with the communication systems set up for maintenance of public order

**57.** Notification regarding commencement or cessation of a state of war is the responsibility of

(a) Ministry of Home Affairs

(b) Ministry of Defence

(c) Ministry of External Affairs

(d) None of the above

**58.** Which of the following statements about Mahatma Gandhi's South African experiences (1893 – 1914) is/are true ?

1. Muslim merchants were actively involved in Gandhian political movements in South Africa.
2. In 1906, Gandhi led a campaign in Cape Town against the ordinance on compulsory registration and passes for Indians.
3. Gandhi began his political career with struggles against the imposition of excessive taxes on Indians in Cape Town.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 only

**59.** Which of the following sets of newspapers reflected the concerns of educated Indian Muslims during the Khilafat Movement ?

(a) Comrade and Hamdard

(b) Comrade and Hindustan Times

(c) Zamindar and Muslim Voice

(d) Comrade, Hamdard, Zamindar and Al Hilal

**60.** Which of the following statements is/are correct ?

1. The Marxist theory repudiates the idea of the atomised and alienated individual.
2. Marxism upholds the idea of the natural rights of men and individuals.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**56.** मूल अधिकारों की उपलब्धता के संबंध में व्यक्तियों के निम्नलिखित में से किस प्रवर्ग के साथ समान व्यवहार ***नहीं*** होता है ?

(a) सशस्त्र बलों के सदस्य

(b) उन बलों के सदस्य जिन्हें लोक व्यवस्था बनाए रखने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है

(c) उन बलों के सदस्य जिन्हें देश की संसूचना प्रणालियों की व्यवस्था के संबंध में नियोजित किया गया है

(d) उन बलों के सदस्य जिन्हें लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए संसूचना प्रणालियों की व्यवस्था के संबंध में नियोजित किया गया है

**57.** युद्ध स्थिति के प्रारंभ या समाप्ति के बारे में अधिसूचना का उत्तरदायित्व किसका है ?

(a) गृह मंत्रालय का

(b) रक्षा मंत्रालय का

(c) विदेश मंत्रालय का

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका के अनुभव (1893 – 1914) के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है /हैं ?

1. दक्षिण अफ्रीका में गांधीवादी राजनैतिक आंदोलनों में मुस्लिम व्यापारी सक्रियता से जुड़े हुए थे ।
2. 1906 में, गांधी ने केप टाउन में भारतीयों के लिए अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण और पासों (passes) के अध्यादेश के विरुद्ध अभियान का नेतृत्व किया ।
3. गांधी ने अपना राजनीतिक जीवन केप टाउन में भारतीयों पर अत्यधिक कर लगाए जाने के विरुद्ध संघर्षों से प्रारंभ किया ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1

**59.** निम्नलिखित में से कौन-से समाचार-पत्रों का समुच्चय (सेट), खिलाफत आंदोलन के दौरान शिक्षित भारतीय मुसलमानों के सरोकारों को प्रतिबिंबित करता था ?

(a) कामरेड और हमदर्द

(b) कामरेड और हिन्दुस्तान टाइम्स

(c) जमींदार और मुस्लिम वाइस

(d) कामरेड, हमदर्द, जमींदार और अल हिलाल

**60.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. मार्क्सवादी सिद्धांत व्यष्टिप्रधान और विसंबंधित व्यक्ति के विचार को नकारता है ।
2. मार्क्सवाद मानवों और व्यक्तियों के नैसर्गिक अधिकारों के विचार की पुष्टि करता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**61.** Which one among the following was ***not*** an outcome of the fifth BRICS summit held in Durban in South Africa in March 2013 ?

(a) Signing of two agreements on Extending Credit Facility in Local Currencies and BRICS Multilateral Letter of Credit Confirmation Facility

(b) Proclamation of establishment of BRICS-led New Development Bank

(c) Creation of a safety net through a Contingent Reserve Arrangement (CRA) among BRICS countries

(d) Setting up of BRICS Business Council and BRICS Think Tank Council

**62.** Seeking to revive historic ties, the Indian Air Force has gifted a vintage Dakota Aircraft from its museum to (September 2014)

(a) the Pakistan Air Force

(b) the Bangladesh Air Force

(c) the Chinese Air Force

(d) the Sri Lankan Air Force

**63.** Which one of the following statements is ***incorrect*** ?

(a) The Armed Forces Tribunal has the power to adjudicate disputes relating to conditions of service of persons subject to the Army Act, 1950.

(b) Findings and sentences of court martial can be challenged before the Armed Forces Tribunal.

(c) The Chairperson and members of the Armed Forces Tribunal shall be appointed only after consultation with the Chief Justice of India.

(d) The Chairperson and members of the Armed Forces Tribunal can be removed only after consultation with the Chief Justice of India.

**64.** In recent plans, certain words/phrases were used in the title of the plan along with 'growth'. They are

1. Inclusive
2. Faster
3. More inclusive
4. Sustainable
5. More sustainable

Which combination is true of the Twelfth Five Year Plan (2012 – 17) ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 1, 4 and 5
(c) 2, 3 and 4
(d) 1, 2 and 4

**65.** Which of the following statements about the social reformer, Raja Rammohun Roy, is ***false*** ?

(a) Rammohun Roy belonged to the gentry class whose power had been diminished because of the imposition of the Permanent Settlement.
(b) He studied both Vedantic Monism and Christian Unitarianism.
(c) He translated the Upanishads into Bengali.
(d) His first organization was the Atmiya Sabha, founded in Calcutta in 1815.

**66.** Which of the following characteristics about the state of Travancore in 18$^{th}$ century Kerala is/are correct ?

1. Travancore was ruled by Marthanda Varma from 1729 to 1758.

2. Travancore built a strong army and defeated the Dutch in 1741.

3. Travancore was an important centre of learning.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 only

61. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, मार्च 2013 में दक्षिण अफ्रीका में डर्बन में हुए पाँचवें BRICS शिखर सम्मेलन का परिणाम ***नहीं*** था ?

(a) स्थानीय मुद्रा में प्रत्यय (क्रेडिट) सुविधा के विस्तार हेतु दो क़रारों पर हस्ताक्षर और BRICS बहुपक्षीय प्रत्यय-पत्र पुष्टि सुविधा

(b) BRICS के नेतृत्व में नवीन विकास बैंक की स्थापना की उद्घोषणा

(c) BRICS देशों के बीच आकस्मिक आरक्षिति (रिज़र्व) व्यवस्था (CRA) के माध्यम से सुरक्षा जाल का सृजन

(d) BRICS व्यावसायिक परिषद् और BRICS विचारक मंडल (थिंक टैंक) परिषद् की स्थापना

62. भारतीय वायु सेना ने ऐतिहासिक सम्बन्धों को पुनर्जीवित करने के प्रयास में अपने संग्रहालय से एक पुरातन (विंटेज) डकोटा वायुयान (सितम्बर 2014) में किसे उपहारस्वरूप दिया है ?

(a) पाकिस्तान की वायु सेना को

(b) बांग्लादेश की वायु सेना को

(c) चीन की वायु सेना को

(d) श्री लंका की वायु सेना को

63. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक ***ग़लत*** है ?

(a) सशस्त्र बल अधिकरण को, सेना अधिनियम, 1950 के अधीन व्यक्तियों की सेवा की शर्तों से सम्बन्धित विवादों का न्याय निर्णयन करने की शक्ति है ।

(b) सेना न्यायालय के निष्कर्षों और दंडादेशों को सशस्त्र बल अधिकरण के समक्ष चुनौती दी जा सकती है ।

(c) सशस्त्र बल अधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायमूर्ति से परामर्श करके ही की जाएगी ।

(d) सशस्त्र बल अधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों को भारत के मुख्य न्यायमूर्ति से परामर्श करके ही हटाया जा सकता है ।

64. हाल ही की कुछ योजनाओं में, योजना के शीर्षक में 'वृद्धि' शब्द के साथ कुछ शब्दों/मुहावरों का प्रयोग किया गया था । वे हैं

1. समावेशी
2. त्वरित
3. अधिक समावेशी
4. संधारणीय
5. अधिक संधारणीय

बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012 – 17) के संबंध में कौन-सा संयोजन सत्य है ?

(a) 1, 2 और 3

(b) 1, 4 और 5

(c) 2, 3 और 4

(d) 1, 2 और 4

65. समाज सुधारक, राजा राममोहन राय के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा ***ग़लत*** है ?

(a) राममोहन राय उस संभ्रांत वर्ग के थे जिसकी शक्ति चिरस्थायी बंदोबस्त (परमानेंट सेटिलमेंट) लागू करने पर कम हो गई थी ।

(b) उन्होंने वेदांत के अद्वैतवाद और ईसाई ईश्वरैक्यवाद दोनों का अध्ययन किया था ।

(c) उन्होंने उपनिषदों का बंगाली में अनुवाद किया था ।

(d) उनका पहला संगठन आत्मीय सभा था, जिसकी स्थापना कलकत्ता में 1815 में हुई थी ।

66. 18वीं शताब्दी के केरल में त्रावणकोर राज्य के बारे में निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. 1729 से 1758 तक मार्तंड वर्मा त्रावणकोर के शासक थे ।
2. त्रावणकोर ने एक सशक्त सेना बनाकर 1741 में डच लोगों को हराया ।
3. त्रावणकोर ज्ञान का एक महत्त्वपूर्ण केंद्र था ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1

**67.** A Parliamentry Democracy is one where

1. a balance of popular participation and elite rule takes place.
2. the government is responsible not to the public but to the elected representatives.
3. the parliamentarians are delegated the responsibility of thinking and acting on behalf of their constituents.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 2 only

**68.** Which of the following is ***not*** a central tenet of Socialism ?

(a) Historical Materialism

(b) Dialectical Materialism

(c) Alienation and Class Struggle

(d) Individual Freedom

**69.** 'And Then One Day : A Memoir' is an autobiography of

(a) Kamal Hasan

(b) Shahrukh Khan

(c) Naseeruddin Shah

(d) Karan Johar

**70.** Inclusion strategy does ***not*** focus on

(a) reduction of inequality

(b) reduction of poverty

(c) diversifying livelihood for tribal population

(d) getting poorer countries closer

**71.** When martial law is imposed, Parliament ***cannot*** make law in respect of which one of the following matters ?

